# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)

**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**

**(दूरभाष / फैक्स : 01342—252649)**

**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**


पत्रांकः 1884 / प्रेस कटिंग / 20 दिनांकः—19.05.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :—** **उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ से प्राप्त प्रेस कटिंग पर आख्या का प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से प्राप्त ई0पेपर अमर उजाला दिनांक 18 मई 2026 प्रेस कटिंग **'' तीन साल में बोरिंग हुआ न ही बन सका ओवरहेड टैंक ''** खण्ड कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुई है। आपके द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में उक्त पर आख्या निम्नानुसार सादर प्रेषित हैः—

| प्रेस कटिंग | आख्या |
|---|---|
| प्राप्त पेपर कटिंग में अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहपुर जमाल एतमाली के गांव दल्लीवाला में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनने वाले ओवरहेड टैंक का निर्माण तीन वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो सका है। मौके पर दो—दो फिट के ऊंचाई तक के पिलर खड़े हैं। नलकूप के लिए बोरिंग भी नहीं कराया गया। इससे ग्रामीणों की स्वच्छ पेयजल मिलने की आस टूटती जा रही है।<br>ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 25 जुलाई 2023 को ओवरहेड टैंक का निर्माण का कार्य शुरू कराया गया था। यह काम 25 जनवरी 2025 तक पूरा होना था। निर्माण एलसी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दो करोड़ 56 लाख 14 हजार रुपये की लागत से किया जाना है। इस ओवरहेड टैंक से पंचायत के गांव दल्लीवाला की करीब 800 से अधिक की आबादी को पेयजल का लाभ मिलेगा। ग्रामीणों के अनुसार तीन साल बीतने पर भी ओवरहेड टैंक का निर्माण शुरू नहीं हो पाया। साढ़े तीन साल बीतने के बावजूद बोरिंग तक नहीं हुआ है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्रामीण पेयजल के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने डीएम से टंकी का निर्माण कार्य पूरा कराकर पेयजल आपूर्ति कराने की मांग की है।<br>ग्राम निवासी विजयपाल सिंह का कहना है की साढ़े तीन वर्ष बीतने के बाद भी ओवरहेड टैंक का निर्माण जमीन से ऊपर नहीं उठा है। इससे गांव में पानी की आपूर्ति नहीं कराई जा सकी। शीघ्र पूर्ण रूप से पेयजल की आपूर्ति कराई जाए।<br>ग्रामीण देवराज सिंह का कहना है कि अभी ओवरहेड टैंक ही नहीं बन पाया है तो पानी की आपूर्ति किस तरह से होगी। गांव में पाइप लाइन बिछाना तो दूर, बोरिंग भी नहीं हो पाया है।ग्रामीण पीने के पानी के लिए परेशान हैं। शीघ्र निर्माण कार्य व बोरिंग कराकर पानी की आपूर्ति सुचारू कराई जानी चाहिए।<br>ग्रामीण ब्रह्पाल सिंह का कहना है कि विभाग की हीलाहवाली के कारण तीन साल बीतने पर ओवरहेड टैंक का निर्माण भी नहीं कराया जा सका। बोरिंग भी नहीं हुआ है। उल्टे ग्रामीणों ने टंकी परिसर में उपले पाथने तथा बनी कोठरी में उपले रखना शुरू कर दिया है। ओवरहेड टैंक का शीघ्र निर्माण कराकर पानी की आपूर्ति शुरू की जानी चाहिए।<br>ग्राम निवासी रफीक अहमद का कहना है कि विभाग द्वारा टंकी निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है, जबकि पानी की आपूर्ति के लिए कई बार जल निगम के भी अधिकारियों से मांग की जा चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।<br>इस संबंध में जल निगम के अधिशासी अभियंता राकेश चौधरी का कहना है कि वह संबंध में दिखवाकर निर्माण कार्य व पानी की आपूर्ति कराने का प्रयास करेंगे। | जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर जमाल एतमाली के गांव दल्लीवाला, विकास खण्ड अफजलगढ़ में फेज—।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 द्वारा पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है।<br>वर्तमान में शाहपुर जमाल एतमाली के गांव दल्लीवाला, विकास खण्ड अफजलगढ़ में निर्माणाधीन पेयजल योजना में टयूबवैल बोरिंग, पम्प हाउस स्लैब लेबिल तक, बाउण्ड्रीवाल पूर्ण, ओवर हैड का कार्य ग्राउण्ड लेबिल तक हो चुका है। योजना में 6.5 कि0मी0 पाइप लाईन के सापेक्ष 4.6 कि0मी0 का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, एवं 1028 नग एफ0एच0टी0सी0 के सापेक्ष 615 नग एफ0एच0टी0सी0 का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, एवं सौलर अधिष्ठापन का कार्य अवशेष है।<br>योजना पर कार्यो की वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में एजेन्सी के पत्रांक 1137/LC Infra/Bijnor Dated 19-05-2026 के द्वारा योजना के कार्यो की प्रगति से अवगत कराया गया है। एवं यह भी अवगत कराया गया है कि पेयजल योजना के कैम्पस में जलभराव हो जाने के कारण कार्य बाधित था, जिस कारण योजना के कार्य समयान्तर्गत पूर्ण किया जाना संभव नहीं हो पा रहा था। वर्तमान में एजेन्सी द्वारा पेयजल योजना के अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु आश्वासन दिया गया है एवं अवगत कराया गया है कि शीघ्र ही सोलर अधिष्ठापन उपरान्त डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से योजना में जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। |

भवदीय

(राकेश चौधरी)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2– जिलाधिकारी महोदया बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3– मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4– श्री शुभम सक्सैना सहायक अभियन्ता/श्री एम0अली जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5– प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0 लि0–गजा इंजी0प्रा0लि0 बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि योजना से समयान्तर्गत पेयजल आपूर्ति सुचारु करना सुनिश्चित करें।

/
अधिशासी अभियन्ता

lc infra

(Formerly known as Laxmi Construction)

पत्रांक:- 1137 /LCInfra/Bijnor

दिनांक :19-05-2026

सेवा में,

अधिशाशी अभियंता

खण्ड कार्यालय,

ऊ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)

बिजनौर।

**विषय** :- जिला बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर जमाल अह्तमाली, ब्लॉक अफ्जलगढ़ में न्यूज पेपर के माध्यम से प्राप्त हुई शिकायत के संबंध में।

महोदय ,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से प्राप्त ई०पेपर अमर उजाला दिनांक 18 मई 2026 प्रेस कटिंग " तीन साल से बोरिंग हुआ न ही बन सका ओवरहेड टैंक "के सम्बन्ध में आख्या चाही गयी है। उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि ग्राम शाहपुर जमाल अह्तमाली, ब्लॉक अफ्ज़लगढ़ पेयजल योजना में बोरिंग व् बाउंड्री वाल का कार्य पूर्ण हो चुका हे एवम ग्राम पंचयत में 80 प्रतिशत पाइप लाइन का कार्य तथा 60 प्रतिशत कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, चुकि उक्त कैंपस में पानी भर जाने के कारण कार्य करना संभव नही था इसलिए कार्य की प्रगति में बादा उत्पन हो गयी थी , योजना में सोलर पैनल का कार्य पूर्ण करके सिग्र ही डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से सप्लाई सुचारू करा दी जाएगी /

एल०सी०इंफ्रा० प्रोजेक्ट्स प्रा०लि०

**LC INFRA PROJECTS PRIVATE LIMITED**
CIN:U45209GJ2018PTC103009
409-410, 401, Iscon Elegance, Near Jain Temple, Prahladnagar Cross Road, S G Highway, Ahmedabad, Gujarat, India. PIN - 380 015.

ISO 9001:2015 CERTIFIED

Tele : +91 66168765/66
E-Mail : info@laxmibiz.com
Web : laxmibiz.com